भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

सत्यमेव जयते

सीईएन 01/2018 (सहायक लोको पायलट और तकनीशियन)

परीक्षा की तारीख एवं शहर तथा अभिक्षमता परीक्षा के मॉक लिंक की सूचना

अभिक्षमता परीक्षा के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची के साथ द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा का संशोधित परिणाम दिनांक 27.04.2019 को प्रकाशित किया गया था।

परीक्षा तारीख एवं शहर की सूचना को देखने तथा यात्रा पास (अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए) के लिए लिंक दिनांक 30.04.2019 को लाइव किया गया था। इसके अतिरिक्त अभिक्षमता परीक्षा के लिए चयनित सभी उम्मीदवारों को रेलवे भर्ती बोर्ड की वेबसाइटों पर जाने और अपने परीक्षा शहर एवं तारीख को देखने के साथ-साथ यात्रा पास (यदि लागू हो) भी डाउनलोड करने के लिए ई-मेल एवं एसएमएस भी भेजे गए।

अभिक्षमता परीक्षा के लिए मॉक लिंक रेलवे भर्ती बोर्ड की वेबसाइटों पर उपलब्ध है। उम्मीदवार निर्देशों को पढ़ने और मॉक टेस्ट का अभ्यास करने के लिए लिंक पर क्लिक कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, आरडीएसओ ने अभिक्षमता परीक्षा पर एक विस्तृत दिशानिर्देश जारी किया है। सभी पाँच परीक्षणों के विवरणों को उदाहरण सहित देखने और समझने के लिए रेलवे भर्ती बोर्ड की वेबसाइटों के साथ-साथ आरडीएसओ की वेबसाइटों पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करें।

अभिक्षमता परीक्षा में उपस्थित होने वाले सभी उम्मीदवारों को दिशानिर्देशों और मॉक लिंक में प्रदान किए गए निर्देशों को अच्छी तरह से पढ़ने तथा परीक्षा से परिचित होने के लिए मॉक टेस्ट का अभ्यास करने की सलाह दी जाती है।

कंप्यूटर आधारित अभिक्षमता परीक्षा में एक टेस्ट बैटरी होगी, जिसमें कुल पाँच परीक्षण शामिल होंगे। यह परीक्षा कुल 71 मिनट की अवधि की होगी। सहायक लोको पायलट के पद के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों को टेस्ट बैटरी के प्रत्येक परीक्षण में 42 का न्यूनतम टी-स्कोर प्राप्त करना होगा। यह सभी उम्मीदवारों के लिए लागू है तथा किसी भी आधार पर किसी भी छूट की अनुमति नहीं है। **कंप्यूटर आधारित अभिक्षमता परीक्षा में कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा।**

उम्मीदवारों को इस सूचना के साथ संलग्न प्रोफार्मा VI में दृष्टि प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। दृष्टि प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं करने वाले एवं चश्मा पहनने वाले उम्मीदवार सहायक लोको पायलट के पद के लिए पात्र नहीं हैं, अत: उन्हें अभिक्षमता परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

यद्यपि, 35 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के भूतपूर्व सैनिक (एक्स-एसएम) उम्मीदवार इस सूचना के साथ संलग्न प्रोफार्मा VI-ए के अनुसार छूट प्राप्त दृष्टि मानक के लिए पात्र हैं। ऐसे भूतपूर्व उम्मीदवारों को प्रोफार्मा VI-ए में दृष्टि प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए।

दिनांक : 02.05.2019

अध्यक्षगण
रेलवे भर्ती बोर्ड

Annexure-VI

Proforma for Medical Certificate to be obtained by candidates applying for the posts of Assistant Loco Pilot from an Eye Specialist

I have examined Shri/Smt/Kum ……..………………………………………… ……………….………..……………….. who has applied for the post of Assistant Loco Pilot in Indian Railways. His/her vision has been tested with reference to the required standard and the results are as below:	Paste here your recent colour passport size photograph of size 3.5 cm x 4.5 cm (The colour photograph should be the same as used in the registration) The photograph should be attested by the eye specialist
	Signature of candidate

Distant Vision		Near Vision		Colour Vision Ishihara		Binocular Vision, Field of Vision & Night Vision	
Required Standard	Actual Observation/ Value	Required Standard	Actual Observation/ Value	Required Standard	Actual Observation/ Value	Required Standard	Actual Observation/ Value
6/6, 6/6 without glasses with fogging test (must not accept +2D)		Sn. 0.6, 0.6 without glasses		Normal		Normal	

Shri/Smt/Kum .... fully conforms / does not conform (***Strike out either 'fully conforms' or ' does not conform' as the case may be***) to the above vision standards.

It is also certified that he/she did not undergo any surgery to correct refractive error.

Name of the Eye Specialist ………………………………………...

Registration No. of the Eye Specialist. ……………………….

Place:

Date:

(Signature & Seal of the Eye Specialist)

Annexure-VI-A

Proforma for Medical Certificate to be obtained by Ex Servicemen candidates of age 35 and above applying for the posts of Assistant Loco Pilot from an Eye Specialist

I have examined Shri/Smt/Kum …….………………………………………… ……………….………..……………….. who has applied for the post of Assistant Loco Pilot in Indian Railways. His/her vision has been tested with reference to the required standard and the results are as below:	Paste here your recent colour passport size photograph of size 3.5 cm x 4.5 cm (The colour photograph should be the same as used in the registration) The photograph should be attested by the eye specialist
	Signature of candidate

Distant Vision		Near Vision		Colour Vision Ishihara		Binocular Vision, Field of Vision & Night Vision	
Required Standard	Actual Observation/ Value	Required Standard	Actual Observation/ Value	Required Standard	Actual Observation/ Value	Required Standard	Actual Observation/ Value
6/9, 6/9 or 6/6, 6/12 with or without glasses. Naked eye vision not below 6/60 and power of lens not to exceed 4 D.		The combined near vision with or without glasses should be the ability to read ordinary print. Where reading or close work is required, combined near vision with or without glasses should be Sn. 0.6.		Normal		Normal	

Shri/Smt/Kum .... fully conforms / does not conform (***__Strike out either 'fully conforms' or 'does not conform' as the case may be__***) to the above vision standards.

It is also certified that he/she did not undergo any surgery to correct refractive error.

Name of the Eye Specialist ………………………………………..

Registration No. of the Eye Specialist. ……………………….

Place:

Date:

(Signature & Seal of the Eye Specialist)